# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

☎ दूरभाष नं. 07781--252655, 252755, Email Add –narayanpurcollege@gmail.com


क्रमांक / 504 / ग्रंथा / स्था. / 2019 नारायणपुर, दिनांक 25 / 09 / 2019

## पुस्तके क्रय हेतु निविदा फार्म

फर्म का नाम ..........................................................

पता ..........................................................

फोन / मोबाइल नं.– ..........................................

TIN No.- ----------------------------------------------------

### निविदा की शर्ते

1. इस क्रय की अनुमानित लागत 2.00 लाख (शब्दों में दो लाख रूपये मात्र) है व इस हेतु सुरक्षा निधि रूपये 6000 / – (शब्दों में छः हजार रूपये मात्र) तय की गई है, सुरक्षानिधि को प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट अलग से उक्त लिफाफे में रखें व उसके उपर सुरक्षा निधि लिफाफा लिख कर फर्म की सील भी लगायें। यदि निविदाकार यह प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करता है, तो रू. 100 / – के प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर के नाम नारायणपुर में देय डी.डी. को निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में सुरक्षानिधि लिफाफा में रखें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उसने निविदा प्रपत्र विधिवत रूप से क्रय नही किया है।
2. एक अन्य लिफाफे में सारणी में दिये गये पुस्तकों के प्रकाशकों पर अधिकतम छूट (Discount) का प्रतिशत अंकित करें, व प्रपत्र में फर्म की मोहर व अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर होवें। अन्य समस्त दस्तावेज भी इसी लिफाफे में रखे तथा इसे मोहरबंद कर सील करें। इस लिफाफे के ऊपर भाव पत्र लिफाफा लिखें।
3. इन दोनो लिफाफों कों एक अन्य बड़े लिफाफें में रखकर सील बंद करे, व उपर दी गई निविदा क्रमांक दिनांक, अंतिम तिथि समय इत्यादि लिखकर रजिस्टर्ड पोस्ट, ए.डी स्पीड पोस्ट अथवा पी.एंड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर या व्यक्तिगत रूप से भेजे। नियत तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त निविदा स्वीकर नही की जायेगी।
4. उपरोक्तानुसार कंडिका 1 व 3 का पालन न करने पर भाव पत्र लिफाफा नही खोला जायेगा।
5. निविदाकार वाणिज्यकर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा TIN/CST नम्बर भी अंकित करें।

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh

6. निविदाकार कहाँ से पुस्तक प्रदाय करेगें इसका स्पस्ट उल्लेख करें।

7. नियत तिथि व समय पर निविदायें क्रय समिति व उपस्थित निविदाकार अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी इस हेतु कोई पृथक से आमंत्रण/सूचना नहीं दी जायेगी ।

8. पुस्तकों के क्रय आदेष प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर द्वारा जारी किये जायेगें। पुस्तकें क्रय आदेश की तिथि से एक माह में प्रदाय करना होगा अथवा 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ समयावधि केवल एक बार बढ़ाई जा सकेगी। तदोपरान्त भी पुस्तके न प्रदाय करने पर सुरक्षा निधि से आदेश की कुल राषि अथवा प्रदाय न की गई पुस्तकों की कीमत का 3 प्रतिशत जप्त कर लिया जायेगा।

9. पुस्तकों की दरें निविदा खुलने की तिथि से 1 वर्ष तक मान्य होगी।

10. कटी फटी **(Damaged)** व पुराने संस्करण की पुस्तके स्वीकार नही की जायेगी, उन्हे विक्रेता को उन्ही के खर्च पर वापस कर दिया जायेगा।

11. क्रय के लिए आदेशित पुस्तके निर्धारत तिथि तक संबंधित संस्था में पहुच जानी चाहिए जिन पुस्तकों का आदेश किया गया है, वे ही पुस्तके स्वीकारी जायेगी।

12. यदि पुस्तकों पर विक्रय मूल्य अंकित न हो तो उनके मूल्य का समूचित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा एवं प्रत्येक देयक में यह प्रमाणित करना होगा कि पुस्तकें नवीनतम संस्करण की है, एवं उनका मूल्य प्रकाशक द्वारा घोषित सही मूल्य है। देयक भारतीय मुद्रा में ही स्वीकार होगें।

13. विदेशी मूद्रा विनिमय दर Good Office Committee द्वारा समय-समय पर निर्धारित की जाती है, व विदेशी पुस्तकों के मूल्य हेतु वे ही दर मान्य होगी, निविदा के साथ उसका पत्र भी संलग्न करें यदि दरें परिवर्तित होती है तो देयक के साथ उसका प्रमाण पत्र भी संलग्न करें।

14. किसी भी विवाद की स्थिति में छ.ग.शासन के भण्डार क्रय नियम 2002 व अन्य संशोधन संवर्ग रहेंगे किन्तु आदेश कर्ता का निर्णय अंतिम होगा। न्यायालयीन क्षेत्र वही होगा जहॉ आदेशकर्ता की संस्था स्थित है।

15. अगर निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई पुस्तक क्रय हेतु नियम/आदेश/अध्यादेश/अधिनियम प्रभाव में आ जाता है, जो इस निविदा की शर्तो को प्रतिकुल रूप से प्रभावित करता है, तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।

16. जिन निविदाकारों को कोई क्रय आदेश प्राप्त नही होते है उन्हे उनकी सुरक्षा निधि तुलनात्मक पत्र बनने के उपरान्त लौटा दी जायेगी, अन्य निविदाकारों को सम्पूर्ण प्रकिया होने पर नियमानुसार आंशिक या पूर्ण सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh

17. संस्था हित में निविदा की शर्तों में किसी भी समय युक्त–युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
18. यह प्रपत्र हस्तांतरणीय नही है। डाक की वजह से हुई देरी हेतु संस्था जिम्मेदार नही होगी।
19. निविदाकार डिस्काउंट को नीचे दी गई सारणी में शब्दों एवं अंकों में अवश्य लिखें एवं इसमें कोई सुधार किया गया न हो।
20. क्रय की जाने वाली पुस्तकों की संख्या एवं कुल क्रय की राशि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।
21. निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जायेगा कि उसे निविदा की समस्त शर्ते स्वीकार है। निविदाकार ऐसी कोई शर्ते नही डालेगा जो निविदा शर्तो के विपरित हो ऐसी शर्ते अमान्य है।
22. निविदाकार को यह बताना आवश्यक है कि वह निम्न सूची में वर्णित विभिन्न प्रकार की पुस्तकों को कितने दिन में प्रदाय कर देगें अगर दो निविदाकारों का डिस्काउंट बराबर है तो क्रय आदेश उस निविदाकार को दिया जायेगा जो शीघ्रता से पुस्तक प्रदाय कर सकें।
23. प्रदाय की गई पुस्तकों के बिल तीन प्रतियों में उपलब्ध कराना होगा।
24. पुस्तकों के भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में एन्ट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।
25. पैन प्रमाण पत्र की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति निविदा फार्म के साथ अवश्य संलग्न करें।
26. विगत तीन वर्षो का आडिट बैंलेंस शीट सहित इनकम टैक्स रिटर्न की स्व हस्ताक्षरित छायाप्रति निविदा फार्म के साथ अवश्य संलग्न करें।

प्राचार्य
शास.स्वामी आत्मानंद स्नात.महाविद्यालय नारायणपुर

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist.- Narayanpur
Chhattisgarh

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर ..........................

नाम .......................................

संस्था / फर्म का नाम --

मुहर --

प्रकाशकों की सूची

| स. क्र. | प्रकाशक का नाम | हार्ड वाइडिंग (✓) | साफ्ट वाइडिंग (✓) | मुद्रित मूल्य पर छुट (अंकों में) | मुद्रित मूल्य पर छुट (शब्दों में) | आपूर्ति समायावधि (अधिकतम 1 माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कैलाश पुस्तक सदन | | | | | |
| 2 | इन्टरनेशनल बुक सेन्टर | | | | | |
| 3 | अरूण प्रकाशन | | | | | |
| 4 | नवबोध प्रकाशन | | | | | |
| 5 | साहित्य भवन पब्लिकेशन | | | | | |
| 6 | शिव पब्लिकेशन | | | | | |
| 7 | राम प्रसाद एण्ड संस | | | | | |
| 8 | उपयोगी प्रकाशन | | | | | |
| 9 | प्रभात प्रकाशन | | | | | |
| 10 | एस.बी.पी.डी. पब्लिशिंग हाऊस | | | | | |
| 11 | मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी | | | | | |
| 12 | सिंघई पब्लिशर्स एण्ड डिस्ट्रीब्युटर्स | | | | | |
| 13 | शिवलाल अग्रवाल एण्ड कम्पनी | | | | | |
| 14 | छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी | | | | | |
| 15 | सभी विदेशी प्रकाशन (परिवर्तित मूल्य और छुट के साथ) | | | | | |
| 16 | इन प्रकाशकों के अलावा अन्य सभी प्रकाशक | | | | | |
| 17 | टेक्स्ट बुक | | | | | |
| 18 | रेफरेन्स बुक | | | | | |
| 19 | उपन्यास, कहानी | | | | | |
| 20 | एस.चांद | | | | | |
| 21 | प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकें | | | | | |

प्राचार्य

शास.स्वामी आत्मानंद स्नात.महाविद्यालय नारायणपुर

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Dist. Narayanpur
Chhattisgarh

निविदा कर्ता

हस्ताक्षर ........................

नाम ..................................

संस्था / फर्म का नाम –

मुहर –

## वचन पत्र

मेरे द्वारा संलग्न समस्त शर्तो तथा प्रपत्रों को पढ़ एवं समझने के पश्चात् मेरे द्वारा सील (मुहर) अंकित कर हस्ताक्षर किया गया है। मैं उक्त समस्त निर्देशों तथा शर्तो के परिपालन करने के लिए अपनी फर्म की ओर से सहमति देता हूँ। मेरे द्वारा प्रस्तुत दर को महाविद्यालय के द्वारा यदि स्वीकृत किया जाता है तो उपरोक्त शर्तो के अधीन सामग्री के प्रदाय हेतु मैं वचनबद्ध हूँ।

निविदा कर्ता

स्थान :-............................................ हस्ताक्षर ..........................

नाम .......................................

दिनांक :- .............................. फर्म का नाम –

पदनाम –

मुहर –

Sing of Tender

# कार्यालय, प्राचार्य, शासकीय स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय नारायणपुर जिला–नारायणपुर (छ.ग.)

☎दूरभाष नं. 07781–252655, 252755, Email Add –narayanpurcollege@gmail.com


क्रमांक /...502........./ग्रंथा/स्था./2019 नारायणपुर, दिनांक..25../09/2019

## ग्रंथालय के लिए पुस्तके क्रय करने हेतु निविदा

शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर के ग्रंथालय हेतु वित्त वर्ष 2019–20 के लिए लगभग रूपये 2.00 लाख (शब्दों में दो लाख रूपये मात्र) की पुस्तके क्रय की जानी है, इसकी अमानत राशि रूपये 6000/– (शब्दों में छः हजार रूपये मात्र) निर्धारित की गई है। निविदा की राशि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है। इस संबंध में महाविद्यालय इच्छुक फर्मो से निविदा आमंत्रित करता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

| स.क्र. | निविदा का विवरण | निर्धारित तिथि एव समय |
|---|---|---|
| 1 | निविदा प्रपत्र ब्रिकी की अंतिम तिथि एवं समय :– | 20 अक्टूबर 2019<br>समय 10:30 से 05:00 बजे तक |
| 2 | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय :– | 21 अक्टूबर 2019<br>समय 10:30 से 03:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 21 अक्टूबर 2019<br>समय 04:00 बजे |

निविदा प्रपत्र रूपये 100/– (शब्दों में सौ रूपये मात्र) नगद अथवा डी.डी. जो **प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय नारायणपुर** के नाम पर नारायणपुर में देय हो जमा कर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है अथवा उक्त निविदा संस्था की वेबसाइट www.gdcnarayanpur.com पर भी उपलब्ध है। बिना कोई कारण बताएँ निविदा रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा, इस संबंध में अलग से सूचना नही दी जावेगी। निविदा खोलने के समय निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है।

25/9/19

**(डॉ.श्रीमती एस.एम. तिमोथी)**
**प्राचार्य**
**शास. स्वामी आत्मानंद स्नातकोत्तर**
**महाविद्यालय नारायणपुर (छ.ग.)**

PRINCIPAL
Government Post Graduate College
Narayanpur, Distt. Narayanpur
Chhattisgarh